प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

2023–24

भूगोल (सैद्धान्तिक)

कक्षा– **XII**

समयः 3 घण्टे पूर्णांक– 70

**निर्देशः**–1 इस प्रश्न पत्र में कुल 21 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2–प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

3–प्रश्न संख्या 1 बहु विकल्पीय प्रश्न है, इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

4– प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

5– प्रश्न संख्या 6 से 10 तक का उत्तर लगभग 30 शब्दो में दीजिए।

6– प्रश्न संख्या 11 से 17 तक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।

7– प्रश्न संख्या 18 से 20 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

8– प्रश्न संख्या 11 से 17 तक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।

7– प्रश्न संख्या 21 में मानचित्र में भौगोलिक स्वरूपों को पहचानने तथा दर्शाने से संबंधित है, दिए गये विश्व तथा भारत के रेखा मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

1.क– निम्नलिखित में से कौन सा देश उच्च मानव विकास वाला नहीं है।

(1) नार्वे (2) स्वीडन (3) मिस्र (4) जापान

ख– निम्नलिखित में से कौन सा एक तृतीय क्रियाकलाप है।

(1) खेती (2) व्यापार (3) बुनाई (4) आखेट

ग– बृहद ट्रंक मार्ग होकर गुजरता है।

(1) हिन्द महासागर से (2) उत्तरी अटलांटिक महासागर से

(3) प्रशान्त महासागर से (4) द0 अटलांटिक महासागर से

घ– भारत के किस राज्य में सर्वाधिक साक्षरता है–

(1) प0 बंगाल (2) उत्तर प्रदेश (3) गुजरात (4) केरल

ड़ – निम्न लिखित नगरों में से कौन सा गैरीसन नगर नहीं है।

(1) मेरठ (2) लैंसडाउन (3) आगरा (4) अम्बाला

च– भारत में परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना कब हुई।

(1) 1948 (2) 1954 (3) 1960 (4) 1970

छ– मध्य रेलवे का मुख्यालय कहां है।

Downloaded from cclchapter.com

(1) भोपाल (2) मुम्बई (3) चिन्नई (4) नई दिल्ली

ज– शुष्क कृषि में कौन सी फसल नहीं बोई जाती है।

(1) ज्वार (2) रागी (3) मूँगफली (4) गन्ना

नोट –ः निम्नलिखित दो प्रश्न कथन और कारण पर आधारित हैं।

झ– कथन (A) वायु प्रदूषण से श्वास त्वचा व फेफड़ों से सम्बन्धित बीमारी होती है।

कारण (R) अम्ल वर्षा का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है।

सही कूट विकल्प का चयन कीजिए–

(i) (A) और (R) दोनों सही है और (R) (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii)(A) सही है और (R) गलत है।

(iv)(A) गलत है और (R) सही है।

(ञ) कथन (A) भारत में नगरों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है।

कारण (R) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कमी से लोग रोजगार की तलाश में नगरों में पहुँचते हैं।

(i) (A) और (R) दोनों सही है और (R) (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii)(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii)(A) सही है और (R) गलत है।

(iv)(A) गलत है और (R) सही है।

2– भारत में स्थलबद्ध पोताश्रय का नाम बताइए। 1

3– सन 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य में जनसंख्या घनत्व सबसे कम है। 1

4– "मानव भूतल की उपज है" किसने कहा। 1

5–विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई। 1

6– मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए। 2

7– किसी नगरीय संकुल की पहचान किस प्रकार की जा सकती है। 2

8– पत्तन एवं पोताश्रय में अन्तर बताइए। 2

9– प्रवास किसे कहते है, प्रवास के दो प्रमुख कारक बताइए। 2

10–ग्रामीण बस्तियॉ किसे कहते है, ग्रामीण बस्तियों की दो समस्याएं बताइये। 2

11–मानव विकास का अर्थ बताते हुए इसके घटकों को स्पष्ट कीजिए। 3

12–स्वच्छंद उद्योग की प्रमुख विशेषताए बताइए। 3

13– व्यापार सन्तुलन क्या है? इसके प्रकारों को समझाइए 3

14– जल प्रदूषण किसे कहते है। इसके प्रमुख कारण भी बताइए। 3

15– नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए तथा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।– 3

Downloaded from cclchapter.com

**उत्तराखण्ड के जनपदों में जनसंख्या घनत्व**

| ज्नपद | गढ़वाल | देहरादून | उत्तरकाशी | चमोली | हरिद्वार |
|---|---|---|---|---|---|
| घनत्व (प्रति वर्ग कि0 मी0) | 129 | 414 | 37 | 48 | 612 |

(क) उस जनपद का नाम बताइए जहां जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है। इसके दो कारण बताइये ।

(ख) उस जनपद का नाम बताइए जहॉ जनसंख्या घनत्व सबसे कम है। इसके दो कारण बताइये ।

प्रश्न 16– साझा सम्पत्ति संसाधन किसे कहते हैं। इसका महत्व भी बताइए। 3

प्रश्न 17– परिवहन किसे कहते हैं। सड़क परिवहन का महत्व बताइये। 3

प्रश्न 18–विश्व के प्रमुख दुग्ध उत्पादक क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए तथा उनकी प्रमुख विशेषताए बताइए। 5

प्रश्न 19–आधुनिक आर्थिक विकास में सेवा सेक्टर की सार्थकता और वृद्धि की चर्चा कीजिए। 5

प्रश्न 20–निम्नलिखित गद्यांश पढिए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

इन्दिरा गॉधी नहर जिसे पहले राजस्थान नहर के नाम से जाना जाता था। भारत में सबसे बड़े नहर तंत्रों में से एक है। सन 1948 में कॅवर सेन द्वारा संकल्पित यह नहर परियोजना 31 मार्च 1958 को प्रारम्भ हुई यह नहर पंजाव के हरिके बॉध से निकलती है और राजस्थान के थार मरूस्थल में पाकिस्तान सीमा के समान्तर 40 किमी की औसत दूरी पर बहती है। इस नहर तंत्र की कुल नियोजित लम्बाई 9060 कि0मी0 है। और यह 19.63 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य कमान क्षेत्र में सिचाई की सुविधा प्रदान करेगी। कुल कमान क्षेत्र में से 70 प्रतिशत क्षेत्र प्रवाह नहर तंत्रों और शेष क्षेत्र लिफ्ट तंत्र द्वारा किया जाएगा।–

(i) इन्दिरा गॉधी नहर के बन जाने से भारत के किस राज्य को सर्वाधिक लाभ हुआ।– 1

(ii) सतत पोषणीय विकास को स्पष्ट कीजिए– 2

(iii) इन्दिरा गॉधी नहर कमान क्षेत्र का सिचाई पर क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ा। 2

प्रश्न 21–(क) दिए गए विश्व के राजनैतिक रेखा मानचित्र में पांच तथ्य (i) (ii) (iii) (iv) (v) के रूप में दर्शाये गये है। नीचे दी गई सूचनाओं के आधार पर तथ्यों को पहचानिए तथा मानचित्र में चिन्हित रेखा पर उनका सही नाम लिखिए।

(i) स्थानान्तरित कृषि का एक क्षेत्र

(ii) भूमध्य सागर एवं लाल सागर को मिलाने वाली नहर

(iii) ट्रान्स साइबेरियन रेलवे का पूर्वी टर्मिनल नगर

(iv) जापान का प्रमुख हवाई पत्तन

Downloaded from cclchapter.com

(v) आस्ट्रेलिया का प्रमुख समुद्री पत्तन

(ख) निम्नांकित को भारत के दिए गए राजनैतिक मानचित्र में दर्शाए तथा उस स्थान का नाम भी लिखिए।

(i) भारत का प्रमुख जूट उत्पादक राज्य

(ii) बिहार में बाजार आधारित तेल शोधन शाला

(iii) नेता जी सुभाष चन्द्र बोस अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(iv) तमिलनाडु में स्थित लिग्नाइट कोयला क्षेत्र

(v) उत्तराखण्ड का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र

नोटः— निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों हेतु प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है— निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

1— स्थानान्तरित कृषि का एक क्षेत्र बताइये।

2— आस्ट्रेलिया का प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम बताइए।

3— भूमध्य सागर एवं लाल सागर को मिलाने वाली नहर का नाम बताइए।

4— ट्रान्स साइबेरियन रेलवे का पूर्वी टर्मिनल नगर का नाम बताइए।

5— जापान का प्रमुख हवाई पत्तन का नाम बताइए।

6— भारत का प्रमुख जूट उत्पादक राज्य का नाम बताइए।

7— बिहार में स्थित बाजार आधारित तेल शोधन शाला का नाम बताइए।

8— नेता जी सुभाष चन्द्र बोस अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कहां है।

9— तमिलनाडू में स्थित लिग्नाइट कोयला क्षेत्र का नाम बताइए।

10—उत्तराखण्ड का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र का नाम बताइए।

नोट— परीक्षा में प्रश्न हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पूछे जायेंगे ।

Downloaded from cclchapter.com